बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 .... / 2025

इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट पर जारी करने तथा उसे डाउनलोड कर परीक्षार्थी को वितरण कराने के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों, उनके अभिभावक, शिक्षण संस्थानों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2026 **दिनांक 10.01.2026 से दिनांक 20.01.2026** तक निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर संचालित होगी। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र **समिति के वेबसाइट https://intermediate.biharboardonline.com पर जारी किया गया है, जो दिनांक 27.12.2025 से 09.01.2026 तक अपलोड रहेगा।**

2. +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान से अनुरोध है कि अपने शिक्षण संस्थान से प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के आधार पर उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ परीक्षार्थी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे तथा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र के आधार पर एक समेकित विवरण पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

3. इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सम्पर्क कर अपना प्रवेश–पत्र (शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त) प्राप्त कर लेंगे तथा परीक्षा के लिए निर्धारित **तिथि 10.01.2026 से 20.01.2026** तक की अवधि में अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक द्वारा परीक्षा संचालन हेतु निर्धारित तिथि एवं पाली के अनुसार परीक्षा देने हेतु उपस्थित होंगे। यह प्रवेश–पत्र मात्र प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जारी किया जा रहा है। सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र अलग से जारी किया जाएगा।

4. **यह प्रवेश–पत्र केवल उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में उत्प्रेषित/उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए ही मान्य होगा। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित/ अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित विद्यार्थी प्रायोगिक परीक्षा, 2026 में कदापि सम्मिलित नहीं होंगे।**

5. **+2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान को सूचित किया जाता है कि जिन शिक्षण संस्थानों द्वारा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का परीक्षाफल समिति में जमा नहीं किया गया है, उन शिक्षण संस्थानों के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का परीक्षाफल समिति में प्राप्त हो जाने के पश्चात उनका प्रवेश–पत्र जारी कर दिया जाएगा। जो विद्यार्थी +2 विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up)/अनुत्तीर्ण/ अनुपस्थित हैं, उनका प्रवेश–पत्र (Admit Card) किसी भी परिस्थिति में शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जारी नहीं किया जायेगा। इस निर्देश की उपेक्षा करते हुए यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा किसी भी गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up)/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित विद्यार्थी का प्रवेश–पत्र जारी कर दिया जाता है, तो इसे घोर अनियमितता मानते हुए समिति द्वारा मामले को अत्यन्त गंभीरता से लिया जायेगा और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई के लिए परीक्षार्थी तथा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान जिम्मेवार होंगे।**

6. **दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए लेखक (Scribe/Writer) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई :–**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक-F.No 34-02/2015-DD III दिनांक 29-08-2018 एवं पत्रांक F.No29-06/2019-DD III दिनांक–10-08-2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में वैसे दिव्यांग परीक्षार्थियों को जो स्वयं से

लिखने में असमर्थ हैं, उनके अनुरोध के आधार पर श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान है कि दिव्यांग अभ्यर्थीगण अपना श्रुतिलेखक भी ला सकते है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा क्षतिपूरक समय (Compensatory time) देय होगा।

7. ऑनलाइन प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा ई० मेल आई०डी०–bsebinterhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

26.12.25
परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति